आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. अंडमान–निकोबार द्वीप समूह की ग्राम सभाओं की प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित, 17 नवंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे और आपत्तियां।
2. गुजरात के बनासकांठा से पी एम–किसान की 24वीं किस्त जारी होने का लोक निवास में होगा सीधा प्रसारण।
3. अंडमान–निकोबार में दो दिवसीय संयुक्त तटीय सुरक्षा अभ्यास संपन्न, सुरक्षा एजेंसियों के बीच दिखा बेहतर समन्वय।
4. डिगलीपुर में 'फ्यूचरिक्स–2026' का उद्घाटन, विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की ग्राम सभाओं की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। मतदाता सूची का निरीक्षण संबंधित क्षेत्रों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के कार्यालयों तथा निर्धारित स्थानों पर कार्यालय समय के दौरान किया जा सकता है। मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने से संबंधित सुझाव और आपत्तियां 3 से 17 नवंबर तक निर्धारित प्रपत्र–2 में दर्ज कराई जा सकती हैं। आवेदन की दो प्रतियां संबंधित निर्धारित अधिकारी के पास जमा करनी होंगी या डाक के माध्यम से भेजनी होंगी, ताकि वे निर्धारित अंतिम तिथि तक पहुंच जाएं। इसके लिए राजधानी श्री विजय पुरम् सहित डिगलीपुर, मायाबंदर, रंगत, फरारगंज, लिटिल अंडमान और कैंपबेल बे के तहसीलदारों को सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24 वीं किस्त जारी किए जाने के अवसर पर राजधानी श्री विजयपुरम स्थित लोक निवास में कल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गुजरात के बनासकांठा से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के कृषि निदेशालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह के लाभार्थी किसान शामिल होंगे।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में 16 नवंबर को प्रस्तावित राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की तैयारियों के लिए कल बैठक आयोजित की जाएगी। ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में दोपहर साढ़े तीन बजे से शाम 5 बजे तक होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के निदेशक करेंगे। बैठक का उद्देश्य आगामी राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक के एजेंडे को अंतिम रूप देना और आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करना है।

<><><><><><><><>

अंडमान तथा निकोबार प्रशासन का खेल और युवा मामलों का विभाग, प्रशासन के विभिन्न संबंधित विभागों, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद, जिला परिषद और अन्य संस्थानों के सहयोग से, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर और राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा एकजुटता के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाएगा। नागरिकों के बीच एकता, फिटनेस और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए 31 अक्टूबर को सुबह 6 बजे नेताजी स्टेडियम से कॉर्बाइन्स कोव और वापसी में नेताजी स्टेडियम तक एक ओपन साइकिल रैली आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 500 छात्रों की भागीदारी के साथ 31 अक्टूबर को ही शाम 6 बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ नेताजी स्टेडियम से शुरू होगी, कार्बाइन्स कोव की ओर बढ़ेगी और वापस नेताजी स्टेडियम लौटेगी। प्रशासन ने राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने में योगदान देने के लिए नागरिकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><><>

संयुक्त तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच–02' सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। दो दिवसीय इस अभ्यास की शुरुआत 27 अक्टूबर को हुई थी। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य मौजूदा तटीय सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता को परखना तथा समुद्री मार्ग से घुसपैठ की कोशिशों और भूमि पर स्थित महत्वपूर्ण क्षेत्रों एवं स्थलों पर संभावित हमलों जैसी परिस्थितियों में सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों का आकलन करना था। अभ्यास के दौरान समुद्री मार्ग से घुसपैठ का प्रयास करने वाले काल्पनिक रेड फोर्स के तत्वों का जिला पुलिस और पुलिस मरीन फोर्स इकाई ने पता लगाकर उन्हें पकड़ लिया। अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने भी अभ्यास को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। द्वीप समूह के विभिन्न हिस्सों में पुलिसकर्मियों और आवश्यक संसाधनों की प्रभावी तैनाती की गई। इस अभ्यास के दौरान सभी भागीदार एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला। अभ्यास से केंद्रशासित प्रदेश की तटीय सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा संभावित समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए तैयारियों को बेहतर बनाने में मदद मिली।

<><><><><><><>

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डिगलीपुर में आज क्षेत्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2026 'फ्यूचरिक्स' का उद्घाटन किया गया। ब्लॉक प्रोजेक्ट अधिकारी, डिगलीपुर की पहल पर आयोजित इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से युवा सोच को प्रोत्साहित करना' है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार की भावना विकसित करना है। प्रदर्शनी का उद्घाटन डिगलीपुर के प्रभागीय वन अधिकारी विशाल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि दीपा सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में 'विकसित भारत' एवं 'मिशन 2047' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में डेढ़ सौ से अधिक विद्यार्थियों ने कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में भाग लिया। आज वनवासी कल्याण आश्रम सभागार में आयोजित समारोह में प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों एवं विद्यालयों को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग द्वारा 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक रखरखाव कार्य के चलते श्री विजयपुरम के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान गाराचरमा सब स्टेशन में पावर ट्रांसफॉर्मरों की ऑयल फिल्ट्रेशन तथा मुर्दाखाड़ी में वितरण ट्रांसफॉर्मर और सोलर प्लांट के पास 11 के वी केबल का रखरखाव किया जाएगा। प्रभावित क्षेत्रों में गाराचरमा फीडर के अंतर्गत लक्ष्मी मोटर, शिवाजी कॉलोनी, टी आर हाउसिंग, एम आर हाउसिंग, गाराचरमा बस्ती, सुसान रोज, गाराचरमा मेडिकल, काली मंदिर, टी टी आई रोड, पंप हाउस, मुर्दाखाड़ी और आई एम एफ सी शामिल हैं। चिड़ियाटापू फीडर के अंतर्गत प्रातरापुर, ऑस्टिनाबाद, मरियम्मा मंदिर क्षेत्र, पत्थरगड्डा के कुछ हिस्से, उम्मत पब्लिक स्कूल के आसपास, ब्रिचगंज, बुक्शाबाद, अन्ना नगर, बर्मानाला, रंगाचांग, कोड़ियाघाट, पी टी एस चिड़ियाटापू और बिडनाबाद के कुछ हिस्से प्रभावित होंगे। बुक्शाबाद फीडर के अंतर्गत बर्ड लाइन, महावीर नगर, कामराज नगर, बिडनाबाद, रंगाचांग, बर्मानाला और चिड़ियाटापू में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>